# 2021/TDC/CBCS/ODD/HINDSC/GE–301T/217

**TDC (CBCS) Odd Semester Exam., 2021**
**held in March, 2022**

HINDI

**( 3rd Semester )**

Course No. : HINDSC/GE–301T

**( Aadhunik Hindi Kavita )**

*Full Marks* : 70
*Pass Marks* : 28

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**खण्ड—क**

निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **बीस** के उत्तर दीजिए : 1×20=20

**1.** 'हिन्दी भाषा' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

**2.** 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल'—यह किस कविता की पंक्ति है?

**3.** 'यशोधरा' किस कवि की रचना है?

**4.** मैथिलीशरण गुप्त किस काल के कवि हैं?

**5.** उर्मिला किसकी पत्नी थी?

**6.** 'ले चल मुझे भुलावा देकर' —किस कवि की रचना है?

**7.** 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' शीर्षक में प्रयुक्त 'मधुमय' शब्द का अर्थ लिखिए।

**8.** 'संध्या सुंदरी' किस कवि की रचना है?

**9.** कवि 'निराला' का पूरा नाम लिखिए।

**10.** हिन्दी के मुक्त छंद के प्रथम कवि कौन हैं?

**11.** 'प्रकृति का सुकुमार कवि' कौन हैं?

**12.** 'भारत माता' किस कवि की रचना है?

**13.** 'पिक हौले-हौले बोल' किसकी रचना है?

**14.** महादेवी वर्मा की कविता में किस भाव की प्रधानता है?

**15.** 'मैं नीर भरी दुख की बदली' में 'बदली' शब्द का प्रतीकात्मक अर्थ क्या है?

**16.** 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

**17.** 'कलगी बाजरे की' किस कवि की रचना है?

**18.** मुक्तिबोध किस काव्यधारा के कवि हैं?

**19.** तारसप्तक को किस काव्यधारा का प्रस्थान-बिन्दु माना जाता है?

**20.** 'मृत्यु और कवि' किस कवि की रचना है?

**21.** नागार्जुन किस काव्यधारा के कवि हैं?

**22.** नागार्जुन की विचारधारा क्या है?

**23.** 'एकबोध' किसकी रचना है?

**24.** सम्पाती कौन था?

**25.** 'तर्पण' किसकी रचना है?

## खण्ड—ख

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पद्यांशों के आशय स्पष्ट कीजिए : $2 \times 5 = 10$

**26.** निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को सूल॥

**27.** आर्यपुत्र दे चुके परीक्षा अब है मेरी बारी।

**28.** ले चल मुझे भुलावा देकर मेरे नाविक धीरे-धीरे।

**29.** सुलाती उन्हें अंक पर अपने
दिखलाती फिर विस्मृति के वह अगणित मीठे सपने।

**30.** तीस कोटि संतान, नग्न तन,
अर्ध क्षुधित, शोषित, निरस्त्र जन।

**31.** व्यर्थ मत कानों में मधु घोल।
हठीले हौले-हौले बोल।

**32.** ले, मैं खोल देता हूँ कपाट सारे
मेरे इस खँढर की शिरा-शिरा छेद के

**33.** ओ हृदय मेरे, उस ज्वलन की भूमि में बिछ जा स्वयं ही;
औ तड़पकर उस निराले देश में तू खोल आँखें।

**34.** उदयाचल से किरन-धेनुएँ
हाँक ला रहा
वह प्रभात का ग्वाला।

**35.** "भले ही विद्रोही हो,
सहनशील होती है लेकिन अगली पीढ़ी"

## खण्ड—ग

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×5=40

**36.** 'हिन्दी भाषा' शीर्षक कविता का सारांश लिखिए।

**37.** मैथिलीशरण गुप्त की काव्य-प्रवृत्ति पर प्रकाश डालिए।

**38.** 'ले चल मुझे भुलावा देकर' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**39.** 'निराला' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**40.** पंत के प्रकृति-वर्णन की विशेषताएँ लिखिए।

**41.** महादेवी वर्मा की विरहानुभूति पर प्रकाश डालिए।

**42.** प्रयोगवादी कवि के रूप में 'अज्ञेय' का मूल्यांकन कीजिए।

**43.** 'मृत्यु और क़वि' कविता का सारांश लिखिए।

**44.** 'बिडम्बना' कविता की मूल संवेदना लिखिए।

**45.** कवि नागार्जुन की भाषागत् विशेषताएँ लिखिए।

★★★